प्रेषक

निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा
पंचकुला।

सेवा में

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी,
राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,

यादि कमाक : 20/2–2022 तालमेल–I (1)
दिंनाक, पंचकुला : 14.07.2022

विषयः राज्य शिक्षक पुरस्कार–2022 के लिए योग्य शिक्षकों के आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित करने बारे।

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

विषयांकित मामले में, आपको अवगत किया जाता है कि राज्य शिक्षक पुरस्कार–2022 के लिए योग्य शिक्षकों के स्वयं नामांकन (Self Nomination) करवाने हेतु आज दिनांक 14.07.2022 को निम्नलिखित लिंक ओपन कर दिया गया है, जिस पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30.07.2022 होगीः–

http://14.192.19.188/Stateaward2022

उक्त लिंक पर इस पुरस्कार से सम्बन्धित सभी दिशा–निर्देश, निर्धारित मापदण्ड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है। केवल उक्त लिंक/पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिनका आवेदक शिक्षक द्वारा अन्तिम तिथि तक फाईनल सबमिशन किया गया है। किसी भी परिस्थिति में ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।

यदि आवेदक शिक्षक द्वारा पोर्टल/ लिंक पर अपना आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी समस्या महसूस होती है तो वह विभाग की ईमेल **stateteacheraward2021@gmail.com** एवं हैल्पलाईन नं0 **0172–5049801** पर सम्पर्क कर सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस बारे में अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों/ विद्यालयों को यह पत्र भेजकर, उक्त लिंक के माध्यम से राज्य शिक्षक पुरस्कार–2022 के लिए योग्य शिक्षकों को स्वयं नामांकन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

कृप्या इसे उच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

अधीक्षक तालमेल–I 14/7/22
कृतेः निदेशक सैकेण्ड़री शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला 14/7

पृष्ठांकन कमांक –सम– दिनांक, पंचकूला : 14.07.2022

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैः–

1. पी0एस0/अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा चण्डीगढ
2. पी0ए0/निदेशक सैकण्डरी शिक्षा हरियाणा पंचकूला
3. पी0ए0/निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला
4. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक संस्कृति मॉडल स्कूल
5. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक प्रशासन–I तथा II
6. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक (शैक्षणिक)
7. निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0 गुरूग्राम
8. संयुक्त निदेशक, आई0टी0
9. राज्य के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी/खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी।

अधीक्षक तालमेल–I 14/7/22
कृतेः निदेशक सैकेण्ड़री शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला 14/7